दिनांक: 23-7-2024 को शराब तस्करों पर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी, शराब तस्करी में लिप्त 03 अभियुक्त को पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से किया गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से 12 पेटी अवैध देशी शराब हुई बरामद,

मा० मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग फ्री देवभूमि 2025 के विजन को साकार करने के लिए एसएसपी देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी तथा नशे के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु कड़े निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में दून पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही निम्नवत है:-

1- कोतवाली पटेलनगर

11 पेटी देशी शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 22.07.2024 को कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने आईएसबीटी चौक के समीप वाहन चैकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर 02 अभियुक्तों (1)- राकेश कुमार पुत्र श्री मामचंद (2)- नरजीत सिंह पुत्र श्री सत्य सिंह को 11 पेटी देशी मसालेदार ट्रेटा पैक शराब, व घटना मे प्रयुक्त वाहन (होंडा अमेज) कार सं0- UK07TD-6067 के साथ गिरफ्तार किया गया। तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पटेलनगर पर मु0अ0सं0-458/2024 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

नाम पता अभियुक्त

(1)-राकेश कुमार पुत्र श्री मामचंद निवासी गांव टांडा टिरा पो0ऑ0 औरंगाबाद थाना सिडकुल जिला हरिद्वार उम्र 20 वर्ष।

(2)- नरजीत सिंह पुत्र श्री सत्य सिंह निवासी गांव गबली जयंतीपुर पो0ऑ0 कुंडी खेड़ा थाना बिहारीगढ़ जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश उम्र 22 वर्ष।

बरामदगी विवरण

(1)- 11 पेटी देशी मसालेदार ट्रेटा पैक शराब

(2)- घटना मे प्रयुक्त वाहन (होंडा अमेज) कार सं0- UK07TD-6067

पुलिस टीम

(1) उ0नि0 श्री देवेश खुगशाल, चौकी प्रभारी आईएसबीटी

(2) अ0उ0नि0 डालेन्द्र चौधरी ।

(3) कानि0 सूरज सिह राणा

(4) कानि0 सन्दीप कुमार

(5) कानि0 हितेश कुमार

2- कोतवाली ऋषिकेश

50 पव्वे देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 22-07-2024 को कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने पुराने रेलवे स्टेशन के बाहर ऋषिकेश से 01 अभियुक्त शुभम जाटव पुत्र चिरंजीव जाटव को 50 पव्वे देशी शराब माल्टा की अवैध की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया,अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली ऋषिकेश में मु0अ0सं0-400/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

नाम पता अभियुक्त

शुभम जाटव पुत्र चिरंजीव जाटव नि0 गोविन्द नगर झुग्गी झोपडी ऋषिकेश उम्र 20 वर्ष

बरामदगी

50 पव्वे देशी शराब माल्टा

पुलिस टीम

1- कानि0 कुलदीप

2- कानि0 दिनेश महर

3- कानि0 विकास